Seventeenth Loksabha

>

Title: Request to declare Bundelkhand as 100 % organic Agro Economic Zone.

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल (हमीरपुर): अध्यक्ष महोदय, मैं बुंदेलखंड क्षेत्र से आता हूं । हमारे बुंदेलखंड छुट्टा गोवंश की समस्या है, जो अन्ना प्रथा के नाम से जानी जाती है । मैंने इसी सदन में भारत सरकार से मांग की थी कि बुंदेलखंड में जो भी गाय पालने वाले लोग हैं उनको एक हजार रुपये प्रतिमाह दिया जाए । मैं देश के यशस्वी प्रधान मंत्री श्रीमान् मोदी जी और उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ जी का आभार प्रकट करना चाहता हूं । उन्होंने 900 रुपये प्रतिमाह प्रति गाय पालक को देने का निर्णय लिया है । मैं आपसे एक बात कहकर अपनी बात पूरी करना चाहता हूं ।

अध्यक्ष महोदय, हमारे बुंदेलखंड में गायों पर बड़ी व्यवस्था सरकार कर रही है । मेरी मांग है कि बुंदेलखंड को 100 परसेंट आर्गेनिक एग्रो इकनॉमिक जोन बनाया जाए, जिसके आधार पर बुंदेलखंड में यूरिया, डीएपी और पेस्टिसाइड्स के बजाय गाय से प्राप्त होने वाली जो खाद है, उसके माध्यम से पूरे बुंदेलखंड में खेती हो । उसको सिक्किम के पैटर्न पर बुंदेलखंड में बड़े-बड़े क्रय केन्द्र, बड़ी-बड़ी आर्गेनिक कम्पनियाँ जितनी हैं, उनके खरीद केन्द्र हर जिले में बनाए जाएं ताकि हमारे बुंदेलखंड के किसान सम्मान के साथ जीवन-यापन कर सकें ।

प्रो. सौगत राय (दमदम): अध्यक्ष जी, मैम्बर्स बोल रहे हैं, लेकिन मंत्री जी नहीं हैं ।

माननीय अध्यक्ष : माननीय मंत्री एक और दो बैठे हैं । माननीय सदस्य, अभी कैबिनेट की बैठक है इसलिए मंत्री जी मुझसे इजाजत लेकर गए हैं । उन्होंने आग्रह किया था कि हमारी कैबिनेट की बैठक है । मैंने कहा कि राज्य मंत्री जी को बैठा दें । बाकी आपकी बात सुनने के लिए मैं बैठा हूँ ।

प्रो. सौगत राय: आपने क्लेरिफाई कर दिया है, ठीक है ।

माननीय अध्यक्ष : मैं सब की बात सुनने वाला हूं । मंत्री जी कैबिनेट बैठक में मुझसे पूछ कर गए हैं ।